मध्य प्रदेश के मोहम्मद अरशद खान आईपीएल की मुंबई इंडियंस टीम में शामिल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बंगलुरु में आयोजित आईपीएल, 2022 के 15वें सीजन की मेगा ऑक्शन में मध्य प्रदेश के सिवनी ज़िले के गोपालगंज गाँव निवासी आलराउंडर क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद अरशद खान आईपीएल की मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा बन गए हैं।

प्रमुख बिंदु

- मुंबई इंडियंस ने मोहम्मद अरशद खान को बेस प्राइस 20 लाख रुपए में अपने टीम में शामिल किया है।
- इसी वर्ष अरशद खान मध्य प्रदेश की रणजी टीम में शामिल हुए हैं।
- उन्होंने ज़िला स्तर पर क्रिकेट खेलने की शुरुआत वर्ष 2006 से की थी। वर्ष 2012 में वह मध्य प्रदेश की अंडर-16 टीम का हिस्सा बने। इसके बाद 2015 में अंडर-19 टीम में शामिल हुए। वर्ष 2017-18 में वह अंडर-23 टीम का हिस्सा बने।
- अरशद ने वर्ष 2020 में बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-23 वीके नायडू स्पर्धा में 10 मैचों में 36 विकेट लिये तथा 400 रन भी बनाए। इसके अलावा उन्होंने वर्ष 2020 में ही विजय हजारे ट्रॉफी व सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mohammad-arshad-khan-of-madhya-pradesh-included-in-mumbai-indians-team-of-ipl